<u>समाचार</u>

# डी.डी.एम. रोड से पम्प हाउस बस्ती तक मार्गो की सफाई कराने के अपर आयुक्त ने दिये निर्देश

## (आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय के मार्गदर्शन में हो रहा शहर के विभिन्न स्थलों का निरीक्षण, नियमित रूप से साफ–सफाई करने के दिये निर्देश)



कोरबा 23 जुलाई 2025 – नगर पालिक निगम कोरबा के स्वच्छता विभाग के अमले द्वारा डी.डी.एम. रोड से होते हुये पम्प हाउस मुख्य मार्ग, बस्तियों के विभिन्न गलियों, मोहल्लों व पारों में किये जा रहे साफ–सफाई कार्यो को तत्काल पूरा करने निर्देश अधिकारियों को दिये। वहीं आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय के दिशा निर्देशन में आज अपर आयुक्त श्री विनय मिश्रा ने अधिकारियों के साथ कोरबा शहर के विभिन्न स्थलों का भ्रमण कर साफ–सफाई कार्यो का निरीक्षण किया। अपर आयुक्त श्री मिश्रा ने स्वच्छता दीदियों, सफाई कामगारों को नियमित साफ–सफाई करने, उत्सर्जित कचरे का त्वरित उठाव व परिवहन कर कचरे के समुचित प्रबंधन का कार्य अनवरत रूप से जारी रखने के निर्देश अधिकारियों को दिये।

यहॉ उल्लेखनीय है कि अपर आयुक्त श्री विनय मिश्रा ने संबंधित अधिकारी कर्मचारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि डी.डी.एम. रोड स्थित सड़क के किनारे उगी घास, बर्म, झाडियों की सफाई व ओम फ्लेट के पास कचरे के ढेर देखकर स्वच्छता पर्यवेक्षक व सफाई ठेकेदार को निर्देश दिए कि वे कचरे का तुरंत उठाव व परिवहन करना सुनिश्चित करें। तुलसीनगर होते हुए टी.पी.नगर गुरूद्वारा मुख्य मार्ग के दोनों तरफ स्थित नालियों में जाम की स्थिति की वजह से नाली का गंदा

पानी सड़क पर आ रहा था, जिससे आवागमन करने वालों को काफी परेशानियॉ हो रही थी, नालियों की सतह से साफ–सफाई कराये जाने के निर्देश  संबंधित अधिकारियों को अपर आयुक्त श्री मिश्रा ने दिया। उन्होने साफ–सफाई कार्यो में और अधिक कसावट लाने, निर्धारित मानदण्डों के अनुरूप सफाई का कार्य करने, स्वच्छता कार्य के दौरान उत्सर्जित होने वाले अपशिष्ट का तुरंत स्थल से उठाव व परिवहन कर अपशिष्ट का उचित प्रबंधन करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। अपर आयुक्त श्री मिश्रा ने निगम के अधिकारियों के साथ डी.डी.एम. रोड होते हुये तुलसीनगर चौक, पम्प हाउस बस्ती, स्टेडियम रोड, गुरूद्वारा मुख्य मार्ग, टी.पी.नगर चौक, बंगाली चाल, नया बस स्टैण्ड सहित शहर के विभिन्न स्थलों का भ्रमण कर साफ–सफाई कार्यो का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जोन कमिश्नर अखिलेश शुक्ला, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, लीलाधर पटेल, उप अभिंयता सोमनाथ डेहरे, श्रवण झा आदि के साथ अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

**स्वच्छता कार्यो में न हो कोताही** – अपर आयुक्त ने अधिकारियों से कहा कि शहर की स्वच्छता बनायें रखने हेतु साफ–सफाई कार्यो में किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाये, सफाई कार्य नियमित रूप से निर्धारित मानदण्डों के अनुरूप कराये जाने हेतु सुनिश्चित किया जावे। उन्होने कहा कि विशेषकर डोर–टू–डोर अपशिष्ट संग्रहण पर विशेष फोकस रखें तथा यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक घर से कचरे का संग्रहण अनिवार्य रूप से हों।